लखनऊ
जागरण सिटी
दैनिक जागरण | लखनऊ, 6 सितंबर 2017 | www.jagran.com





मेट्रो के चलते ही गूंज उठीं तालियां



# सभी ने अलग अंदाज में मनाया शिक्षक दिवस

**जासं, लखनऊ:** मंगलवार को राजधानी के स्कूलों में अलग अलग अंदाज में शिक्षक दिवस मनाया गया। कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम तो कहीं वरिष्ठ छात्रों ने शिक्षक बन डॉ. राधाकृष्णन के चरित्र चित्रण का प्रयास किया।

सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की सभी 19 शाखाओं में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संस्थान के सभी शिक्षकों को कुल एक करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार व अन्य उपहारों से पुरस्कृत किया गया। सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षक की अहमियत पर संबोधन दिया। राजाजी पुरम स्थित साकिब मॉडल स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम प्रबंधक ने आदर्श शिक्षकों और अनुशासित विद्यार्थियों पर प्रकाश डाला।

नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे प्रो. नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने छात्रों से गुरु परंपरा का महत्व बताया। कहा सिर्फ किताबी ज्ञान से ही शिक्षा पूरी नहीं होती। बल्कि सफलता के लिए सूर्योदय से पहले उठना, बड़ों का आशीर्वाद लेना जैसे संकल्प भी लेना चाहिए। इंदिरा नगर बी ब्लॉक स्थित प्रिटी पेटल्स स्कूल्स में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को भव्यता के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने कविता पाठ के माध्यम से शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। राजाजीपुरम आनंद नगर स्थित देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर विद्यालय के संस्थापक व राष्ट्रीय कवि वेदव्रत बाजपेई ने छात्रों डॉ राधाकृष्णन के जीवन से परिचित कराया। जॉपलिंग रोड और रुचिखंड स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट की शाखाओं शिक्षक दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने गुलाब का फूल भेंटकर शिक्षकों को स्वागत किया। मोतीमहल नेहरू मार्ग, चारबाग स्थित बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी डे स्कूल में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के से.नि न्यायमूर्ति खेमकरन व पूर्व डीजीपी श्रीराम अरूण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे। मनकामेश्वर मंदिर डालीगंज स्थित सेन लर्न जूनियर हाईस्कूल में छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षक दिवस की महत्ता बताई।

पीजीआइ क्षेत्र के बाबू खेड़ा स्थित सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल चतुर्थ वाहिनी की संदीक्षा की अध्यक्षा अमृता वर्मा व संदीक्षा सदस्या शशि चतुर्वेदी द्वारा मोहनलालगंज स्थित के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिंदुआ में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों की ओर से प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने शिक्षकों व एसएसबी की ओर से आई संदीक्षा सदस्यों का मन मोह लिया। रवींद्रालय में भी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें याद किया गया। सरोजनी नगर के ग्राम पंचायत गढ़ी चुनौटी मजरा दरियापुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य नीलम मिश्रा के नेतृत्व में सफाई व स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। जय चंद्रिका मांटेसरी इंटर कॉलेज अऊमऊ में भी शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन हुआ। यहां समाज कल्याण विभाग की राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बीस से अधिक शिक्षकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। करियर गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कानपुर रोड स्थित अवध कालेजिएट, एल्डिको स्थित पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र पुरनिया, केंद्रीय सिंह सभा, आलमबाग गुरुद्वारा समेत राजधानी के तमाम संस्थानों में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



एलपीएस में टीचर्स डे पर आयोजित हुए कार्यक्रम

## एलपीएस ने किया शिक्षकों का सम्मान

लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज ने गोमती नगर स्थित प्रेक्षागृह में शिक्षक दिवस को शिक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर 2000 शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य स्टाफ को 35 लाख रुपयों के गिफ्ट देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण में संस्थापक प्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि शिक्षा की प्रगति के साथ मूल्यों का क्षरण भी हुआ है। इस स्थिति में मूल्यों का अनुकरण अत्यावश्यक है।